NIOS/Acad/2021/213/23/H

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

माध्यमिकपाठ्यक्रम- सामाजिक विज्ञान

पाठ **23** :भारतीय लोकतंत्र के समक्ष चुनौतियां

कार्यपत्रक- **23**

Q.1 "भारत हमेशा चुनाव कराने, केंद्र और राज्यों में सरकार के शांतिपूर्ण परिवर्तन में सफल रहा हैं" - दिए गए कथन के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

Q.2 लोकतंत्र केवल चुनाव की प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की सामाजिक और आर्थिक आकांक्षाओं को भी पूरा करता है -इस कथन के प्रकाश में भारत में लोकतंत्र का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

Q.3 लोकतंत्र के लिए आवश्यक शर्तें लिखिए और अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए।

Q.4 भारत में लोकतंत्र ने चुनौतियों का सामना किया है,यदि हाँ तो अपने शब्दों में उदाहरण सहित समझाइए।

Q.5 भारतीय संविधान के निर्माताओं ने लोकतंत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए कई संवैधानिक प्रावधान किए हैं -इस कथन के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।

Q.6 "एक सफल लोकतंत्र में लोगों को सहभागी और सक्रिय होना चाहिए" -यदि हाँ, तो अपने विचार अपने शब्दों में लिखिए ।

Q.7 लोकतांत्रिक व्यवस्था को जिम्मेदार और जवाबदेह होना चाहिए,कथन के सन्दर्भ में अपने विचार लिखिए।

Q.8 विचारों का आदान-प्रदान और स्वीकृति लोकतंत्र के प्रमुख कारक हैं,कथन के पक्ष में उदाहरण लिखिए।

Q.9 लोकतंत्र अपने उद्देश्यो को तब प्राप्त करता है जब वह कुछ राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक शर्तों को पूरा करता है - अपने विचारों को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए।

Q.10 "भारतीय लोकतंत्र तभी सफल और जीवंत हो सकता है जब उसके नागरिक बुनियादी लोकतांत्रिक मूल्यों को अपने व्यवहार में आत्मसात और प्रतिबिंबित करें" -यदि हां, तो अपने विचार लिखिए।